हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

चर्चा में क्यों

हाल ही में **हरियाणा** के **मुख्य सचिव** ने **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (HSPCB)** को प्रदूषण रिपोर्टिंग और अंतर-विभागीय समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया।

मुख्य बिंदु:

- **मासिक प्रदूषण रिपोर्ट: हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (HSPCB)** के क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के लिये मासिक **पर्यावरण रिपोर्ट संकलित करने के निर्देश दिये गए हैं।**
- **बोर्ड की विस्तारित भूमिका**: HSPCB, जिसकी स्थापना मूल रूप से **जल प्रदूषण से निपटने के लिये की गई थी , ने वर्ष 1974 में** अपनी स्थापना के बाद से पर्यावरणीय मुद्दों की एक व्यापक शृंखला से निपटने के लिये अपने दायरे का विस्तार किया है ।
- **जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन** : स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने **जैव-चिकित्सा अपशिष्ट** संग्रहण और निपटान का कार्य विभिन्न एजेंसियों को सौंपने का सुझाव दिया तथा कार्यकुशलता के लिये उनके परिचालन क्षेत्र को 75 किलोमीटर से कम रखने का प्रस्ताव रखा
- **वायु गुणवत्ता निगरानी**: सर्दियों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिये, विशेष रूप से NCR में, हरियाणा में:
  - 29 **सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (CAAQMS)** स्थापित किये गए (**NCR** में 21)।
  - **व्यापक वायु गुणवत्ता** निगरानी के लिये राज्य भर में 46 मैनुअल स्टेशन स्थापित किये गए।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

- **भारत सरकार के** **जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974** के पारित होने के बाद जल की स्वच्छता बनाए रखने तथा जल प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये वर्ष **1974 में हरियाणा सरकार द्वारा** एक **वैधानिक संगठन के रूप में इसकी स्थापना की गई थी।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)

- CPCB एक वैधानिक संगठन है जिसका गठन सितंबर, 1974 में **जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974** के तहत किया गया था।
- इसे **वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981** के अंतर्गत शक्तियाँ प्रदान की गईं एवं कार्य निर्दिष्ट किये गए।
- यह एक क्षेत्रीय इकाई के रूप में कार्य करता है तथा **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986** के प्रावधानों के संबंध में **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** को तकनीकी सेवाएँ भी प्रदान करता है ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-state-pollution-control-board